तापमान
अधिकतम 20 .0 डिग्री
न्यूनतम 14 .0 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

11 पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण बल की तैयारियां परखीं



12 चांद को अर्घ्य देकर सुहागिनों ने किया पति का दीदार



खबर संक्षेप

कार ने ई-स्कूटी को टक्कर मारी, दो घायल

गन्नौर। पांची रोड पर अगवानपुर रजबाहे के पास कार ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल सोनू की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पांची जाटान निवासी सोनू ने बताया कि वह स्कूटी पर गांव के लक्ष्मण को पीछे बैठाकर गन्नौर से पांची रोड की ओर जा रहा था। जब वे अगवानपुर रजबाहे से करीब आधा किलोमीटर पीछे पहुंचे, तभी सामने से आ रही कार ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों स्कूटी समेत सड़क पर गिर गए और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट वेस्ट की टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में जठेड़ी निवासी ओमकुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो अवैध पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सहायक उप निरीक्षक विजेश्वर टीम के साथ गश्त पर थे, इस दौरान सूचना मिली कि ओमकुमार अवैध पिस्तौल लेकर सेक्टर-23 मोड़ के पास शराब ठेके वाली सड़क पर आने वाला है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध गाड़ी को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक ने गाड़ी भगाने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की दाहिनी जेब से एक पिस्तौल और चार कारतूस मिले। गाड़ी के डैशबोर्ड से दूसरा पिस्तौल और छह कारतूस बरामद हुए।

विनायक गार्डन में चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पुरखास रोड स्थित विनायक गार्डन से एसी और अन्य सामान चोरी करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान पटेल नगर निवासी अजीत उर्फ रोहित, प्रदीप उर्फ नाना और विजय के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गांव गढ़ी ब्राह्मणान निवासी तरुण ने 19 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि पुरखास रोड पर स्थित उसका विनायक गार्डन करीब चार वर्षों से बंद पड़ा है। 12, 13 और 15 अक्टूबर को अज्ञात चोर गार्डन से दो एसी, उनकी तांबे की तारें, चूल्हे के लोहे के स्टैंड, एक स्टेबलाइजर और करीब पांच से छह बड़ी हैलोजन लाइटें चोरी कर ले गए थे।

खरखौदा में सीएम फ्लाइंग का फैक्ट्री पर छापा, 660 लीटर घी सील

टीम ने चार नमूने लेकर जांच के लिए करनाल लैब में भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

■ खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में फैक्ट्री में अलग-अलग ब्रांड का हजारों लीटर घी मिला ■ सूचना मिलने पर जीएसटी की टीम भी पहुंची



खरखौदा। फैक्ट्री में घी की जांच करती सीएम फ्लाइंग व अन्य विभागों की टीम।



खरखौदा। फैक्ट्री में सील किया गया घी।

खरखौदा में सोनीपत मार्ग पर जियो पेट्रोल पंप के पीछे चल रही घी फैक्ट्री पर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की। जांच के दौरान फैक्ट्री में अलग-अलग ब्रांड के हजारों लीटर घी मिला। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चार नमूने लेकर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। जबकि श्रीकृष्णा और डेनमार्क ब्रांड का कुल 660 लीटर घी सील किया गया।

मौके पर पहुंची जीएसटी विभाग की टीम ने भी सामान की सूची तैयार की। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम में निरीक्षक दिनेश और एएसआइ राजेश कुमार शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग सोनीपत से डा. शैलेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। संयुक्त टीम ने फैक्ट्री में मौजूद प्रदीप छिकारा निवासी गांव लडरावण, जिला झज्जर को जांच के बारे में जानकारी दी। प्रदीप ने स्वयं को फैक्ट्री का मालिक बताते हुए कहा कि उसने वर्ष 2020 में फैक्ट्री शुरू की थी। उसने खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को लाइसेंस भी दिखाया, जो 10 फरवरी 2027 तक वैध है। भौतिक निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में घी तैयार करने और पैकिंग करने की मशीनें मिलीं।

टैंकों में करीब 750 लीटर घी मिला, कार्रवाई की तैयारी

प्रदीप ने टीम को बताया कि वह अलग-अलग स्थानों से मक्खन और घी खरीदकर मशीनों के माध्यम से साफ करने और गर्म करने के बाद अपने ब्रांड के नाम से पैकिंग कर बेचता है। जांच के दौरान प्योर सरस ब्रांड का 3575 लीटर, डेनमार्क ब्रांड का 300 लीटर, प्रवेश ब्रांड का 585 लीटर और श्रीकृष्णा ब्रांड का 360 लीटर घी मिला। इसके अतिरिक्त टैंकों की जांच में करीब 750 लीटर घी पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अलग-अलग ब्रांड के चार नमूने लिए, जिन्हें परीक्षण के लिए करनाल स्थित खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सूचना मिलने पर जीएसटी विभाग सोनीपत की टीम भी मौके पर पहुंची और सामान की सूची तैयार की। विभाग की ओर से भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बारिश और तेज हवाओं से खेतों में बिछी फसल, किसानों की बढ़ी परेशानी

मंडी में 5 हजार क्विंटल धान की बिक्री अटकी, खुले में रखी बोरियां भीगीं

अगले दो दिन मौसम परिवर्तनशील रहने और हल्की बूंदाबांदी के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। अनाज मंडी में बारिश के चलते भीगा धान।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वीरवार को हुई बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं। धान की कटाई के अंतिम दौर में मौसम बिगड़ने से खेतों में खड़ी फसलें बिछ गईं, वहीं अनाज मंडियों में खुले में रखा धान भी भीग गया। बारिश के कारण सोनीपत अनाज मंडी में करीब पांच हजार क्विंटल धान की बिक्री अटक गई। खेतों में नमी बढ़ने से कटाई का काम भी प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में किसानों के सामने खेतों से फसल समेटने और मंडियों में अनाज सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। मानसून की विदाई के बाद मौसम शुष्क रहने से किसान धान, बाजरा, ज्वार और कपास की कटाई में जुटे थे। मंडियों में भी धान की आवक तेज हो गई थी, लेकिन वीरवार सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई रुक-रुककर बारिश शाम छह बजे तक जारी रही। जिले के कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं। जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली थी, लेकिन अनाज खुले में रखा हुआ था, उन्हें भी नुकसान की आशंका सताने लगी है। बारिश के कारण सोनीपत अनाज मंडी में करीब पांच हजार क्विंटल धान की बिक्री नहीं हो सकी। शेड के नीचे रखे या तिरपाल से ढके धान की ही बोली लग पाई। वीरवार को करीब सात हजार क्विंटल धान की बोली हुई। धान के भाव में बड़ी गिरावट नहीं आने से किसानों को कुछ राहत मिली। धान की किस्म 1509 का भाव 4,251 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा, जबकि हाथ से काटे गए धान की बोली 4,500 रुपये प्रति क्विंटल तक लगी। किस्म 1718 का भाव 5,000 रुपये और 1121 का भाव 5,350 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा। मौसम विशेषज्ञ प्रो. चंद्रमोहन के अनुसार, उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है। अगले दो दिन आसमान में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। तापमान में गिरावट के साथ सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ने के आसार हैं।

कटाई में दो से तीन दिन की देरी की आशंका

बारिश और तेज हवाओं से धान की फसल को सबसे अधिक नुकसान होने की आशंका है। कई जगह कपास और बाजरे की फसलें भी गिर गईं। खेतों में नमी बढ़ने से मशीनों के जरिए कटाई का काम अगले दो से तीन दिन प्रभावित हो सकता है। हाथ से कटाई करने वाले किसानों को भी खेत सूखने का इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि, जिन किसानों की फसल कट चुकी है और खेत खाली हैं, उनके लिए यह बारिश गेहूं और सरसों की बिजाई के लिहाज से फायदेमंद हो सकती है। इससे खेतों में पर्याप्त नमी बनेगी।

सोनीपत में सबसे अधिक 9 एमएम बारिश



जिले में शाम छह बजे तक औसतन छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सोनीपत खंड में सबसे अधिक नौ मिलीमीटर बारिश हुई। गन्नौर में आठ, राई और गोहाना में सात-सात, खानपुर में पांच और खरखौदा में एक मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश और तेज हवाओं के चलते तापमान में भी गिरावट आई। अधिकतम तापमान करीब 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईटीबीपी जवान मनदीप को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



गन्नौर। जवान के पार्थिव शरीर को लेकर पहुंचे बल के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गांव गूमड़ निवासी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के हेड कांस्टेबल मनदीप शर्मा का ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह 36 वर्ष के थे और दिल्ली में तैनात थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पैतृक गांव गूमड़ में शोक की लहर दौड़ गई। आईटीबीपी के जवान उनके पार्थिव शरीर को गांव लेकर पहुंचे, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। मनदीप शर्मा के असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके परिवार में पत्नी निधि शर्मा, 10 वर्षीय बेटी परी और आठ वर्षीय बेटा यश हैं। पिता के निधन से दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। उनके पिता ओमप्रकाश शर्मा हैं, जबकि माता सरोज देवी का पहले ही निधन हो चुका है। मनदीप शर्मा के निधन से गांव में शोक का माहौल है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहले ने उनके निधन पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

गुमड़ में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी, केस

गन्नौर। क्षेत्र के गांव गुमड़ में घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने गांव के ही एक युवक पर चोरी करने का शक जताया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गुमड़ निवासी रोहन ने बताया कि रात करीब 2 बजे उसकी हीरो मोटरसाइकिल घर के सामने से चोरी हो गई। उसने सीसीटीवी कैमरे में आशी गुमड़ को मोटरसाइकिल ले जाते हुए देखा। उसने शिकायत में आशी पर चोरी का शक जताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

नवंबर में पेंशनरों को जमा करवाना होगा जीवन प्रमाण पत्र, तिथियां तय

सोनीपत। जिला खजाना अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को नवंबर 2026 के लिए वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य है। इसके लिए नाम के पहले अंग्रेजी अक्षर के अनुसार तिथियां निर्धारित की गई हैं। ए से आई तक नाम वाले पेंशनर 2 से 10 नवंबर, जे से आर तक 11 से 17 नवंबर और एस से जेड तक 18 से 23 नवंबर तक प्रमाण पत्र जमा करवा सकेंगे। 24 से 30 नवंबर तक निर्धारित तिथियों में नहीं पहुंच पाने वाले पेंशनरों के प्रमाण पत्र जमा किए जाएंगे। पेंशनर मोबाइल फोन पर जीवन प्रमाण एप, नजदीकी अटल सेवा केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। खजाना कार्यालय में स्वयं उपस्थित होने वाले पेंशनरों को मूल पेंशन भुगतान आदेश, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड साथ लाना होगा। संजीव कुमार ने सभी पेंशनरों से निर्धारित समय में प्रमाण पत्र जमा करवाने की अपील की, ताकि पेंशन भुगतान में कोई परेशानी न हो।

लिटिल एंजल्स स्कूल से एसी की कॉपर पाइप चोरी करने का दूसरा आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। सिविल लाइन थाना पुलिस ने लिटिल एंजल्स स्कूल से एसी की कॉपर पाइप चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कबीरपुर निवासी अमित उर्फ काला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। स्कूल में एस्टेट मैनेजर के पद पर कार्यरत नवीन ने 23 अक्टूबर 2026 को पुलिस को शिकायत दी थी कि 20 अक्टूबर की रात करीब एक बजे स्कूल के ब्लॉक ए के पीछे से अज्ञात व्यक्ति एसी की कॉपर पाइप चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना सोनीपत में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच कर रहे सहायक उप निरीक्षक विजय की टीम ने पहले पटेल नगर निवासी प्रशांत उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने अन्य आरोपितों की तलाश कर रही थी।



दक्षिण अफ्रीका में 4 से 6 दिसंबर तक होगी प्रतियोगिता, महिला व पुरुष पहलवानों का होगा चयन

कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 6 नवंबर को

महिला पहलवानों के ट्रायल दिल्ली और पुरुषों के लखनऊ में होंगे, तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दक्षिण अफ्रीका में होने वाली अंडर-17 और अंडर-20 कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से 6 नवंबर को चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

आयु संबंधी नियमों में छूट नहीं मिलेगी : संघ

इनमें फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती वर्गों के पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। संघ ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले पहलवान ही ट्रायल में हिस्सा ले सकेंगे और आयु संबंधी नियमों में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

भारतीय कुश्ती संघ के सह सचिव विनोद तोमर के अनुसार, चैंपियनशिप दक्षिण अफ्रीका के पोलोक्वाने में 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित होगी। भारतीय टीम के चयन के लिए ट्रायल सुबह 10 बजे शुरू होंगे। पहलवानों का वजन सुबह सात बजे लिया जाएगा।

महिला पहलवानों के ट्रायल नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होंगे, जबकि पुरुषों के फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन वर्गों के ट्रायल लखनऊ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित किए जाएंगे।

राष्ट्रीय पदक विजेताओं को मिलेगा मौका

भिलाई में आयोजित अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेता, छत्रपति संभाजीनगर में हुई अंडर-17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पदक विजेता और गोंडा में आयोजित अंडर-17 ओपन रैंकिंग प्रतियोगिता के पदक विजेता ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। संघ ने आयु सत्यापन को अनिवार्य किया है। पहले अधिक उम्र के कारण एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में अयोग्य पाए जाने के बावजूद अंतिम अवसर पाने वाले पहलवान इस बार हिस्सा नहीं ले सकेंगे। वजन में निर्धारित वर्गों के अनुसार एक से दो किलोग्राम तक की छूट मिलेगी। पहलवानों को पासपोर्ट और हालिया फोटो साथ लानी होगी। चयन में पिछले प्रदर्शन के परिणामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

नागोया में भारतीय पैरा शूटिंग टीम का सराहनीय प्रदर्शन, दिल्ली में हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत

गोहाना। जापान के नागोया में 17 से 24 अक्तूबर तक आयोजित 5वें एशियाई पैरा खेलों में भारतीय पैरा निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। पैरा शूटिंग के चेयरमैन शिवम त्यागी और मुख्य कोच जय प्रकाश नौटियाल ने स्वयं जापान पहुंचकर टीम का हौसला बढ़ाया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इन खेलों में गोहाना के कोच पवित्र मलिक ने एशियन गेम्स कोच की जिम्मेवारी संभाली। एशियाई पैरा खेलों में कोच पवित्र मलिक और कोच राकेश के नेतृत्व में भारतीय पैरा शूटिंग टीम ने टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राइफल और पिस्तौल स्पर्धाओं में पदक हासिल किए। कोच पवित्र मलिक के अनुसार मोना अग्रवाल ने राइफल की 10 मीटर और 50 मीटर स्पर्धाओं में 2 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही उन्होंने 5 विश्व और एशियाई गेम्स रिकॉर्ड भी बनाए। अवनी लेखरा ने 10 मीटर राइफल स्पर्धा में रजत पदक और 50 मीटर राइफल में एशियाई पैरा गेम्स क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज किया। सृष्टि अरोड़ा ने महिलाओं की एयर पिस्तौल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। इनके अलावा मनीष नरवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक। खिलाड़ियों ने इस सफलता के लिए पिस्टल कोच पवित्र, राकेश मुख्य कोच जय प्रकाश नौटियाल, चेयरमैन शिवम त्यागी और राइफल कोच जीवन लाल राय का आभार जताया।



जीजा बनकर ठगों ने महिला को लगाया चूना, 1.20 लाख ऐंठे

■ अमेरिका में वीजा रद्द होने का डर दिखाकर ट्रैवल एजेंट के नाम पर कराए रुपये ट्रांसफर

सोनीपत। रिश्तेदार के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर साइबर ठगों ने असदपुर नादनौर निवासी महिला से 1.20 लाख रुपये ठग लिए। आरोपितों ने महिला के जीजा प्रदीप जागलान के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी खाता बनाया और फिर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। अमेरिका में वीजा रद्द होने और देश से बाहर किए जाने का डर दिखाकर ट्रैवल एजेंट के नाम पर अलग-अलग खातों में रुपये जमा करवा लिए। महिला पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 अक्टूबर को उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर जीजा प्रदीप जागलान के नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। इसके बाद व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर 3.50 लाख रुपये भेजने की बात कही गई। विश्वास दिलाने के लिए एक रसीद भी भेजी गई। फिर बताया गया कि अमेरिका में वीजा रद्द होने का खतरा है और तय समय पर रुपये नहीं भेजे गए तो देश से बाहर कर दिया जाएगा। इसके लिए ट्रैवल एजेंट को तत्काल 1.20 लाख रुपये देने को कहा गया।महिला ने बताए गए नंबर पर संपर्क किया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते से दो बार 50-50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक के यूपीआई माध्यम से 20 हजार रुपये भी भेज दिए। इस तरह कुल 1.20 लाख रुपये अलग-अलग माध्यमों से ट्रांसफर किए गए। बाद में ठगी का अहसास होने पर महिला ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत संख्या भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। महिला ने आशंका जताई कि आरोपितों ने फर्जी वेबसाइट और दस्तावेजों के सहारे बैंक खाते खुलवाकर धोखाधड़ी की है।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।



'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।



'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बी टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा व्हाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

आईजी सिमरदीप सिंह ने पुलिस कंपनियों का निरीक्षण किया

पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण बल की तैयारियां परखीं

मॉक ड्रिल में आंसू गैस और वाटर कैनन का अभ्यास

■ अधिकारियों को नियमित अभ्यास और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आईजी एसटीएफ एवं पुलिस आयुक्त झज्जर सिमरदीप सिंह ने पुलिस लाइन सोनीपत का दौरा कर कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए गठित पुलिस कंपनियों की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दंगा नियंत्रण बल का निरीक्षण किया और मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता, अनुशासन, आपसी समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी संवेदनशील परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन पहुंचने पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात सोनाक्षी सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध संदीप धनखड़, सहायक पुलिस आयुक्त साइबर राजदीप मोर, सहायक पुलिस आयुक्त शहर अमित धनखड़ और सहायक पुलिस आयुक्त गन्नौर जसपाल सिंह ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान सिमरदीप सिंह ने दंगा नियंत्रण कंपनियों के संसाधनों और उपकरणों की स्थिति की जांच की। उन्हें बताया गया कि जवान लाठी-डंडे, कैन शील्ड, आंसू गैस, दंगा नियंत्रण उपकरणों और आधुनिक हथियारों से लैस रहते हैं, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल कार्रवाई की जा सके।



सोनीपत। दंगा नियंत्रण बल की तैयारियों का जायजा लेते हुए पुलिस आयुक्त एवं आईजी एसटीएफ। फोटो : हरिभूमि

नियमित अभ्यास से पुलिसकर्मियों की बढ़ती है कार्यक्षमता

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों ने आंसू गैस, रबर बुलेट गन, वाटर कैनन और लाठीचार्ज के माध्यम से भीड़ को नियंत्रित करने तथा उपद्रवी भीड़ को तितर-बितर करने का व्यावहारिक अभ्यास किया। साथ ही कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मियों की सुरक्षा और विभिन्न टीमों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के तरीकों का अभ्यास भी किया गया। सिमरदीप सिंह ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल का प्रशिक्षित, अनुशासित और सतर्क रहना जरूरी है। नियमित अभ्यास से पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ती है और किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित अभ्यास जारी रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मामलों में पूरी सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की।

कोर्ट के बाहर से बाइक चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान खरखौदा की शास्त्री कॉलोनी निवासी रोबिन और गांव बैंयापुर निवासी सलीम के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गांव बड़ी निवासी वंश ने 7 अक्टूबर 2026 को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह निजी काम से सोनीपत न्यायालय आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल जेल के सामने की दीवार के पास खड़ी की थी। काम खत्म करके वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली थी। शिकायत पर शहर थाना सोनीपत में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक परविंद ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर मामले की जांच पूरी की।

डॉ. गुलशन कुमार और डॉ. मीनू रानी पुनः सम्मानित



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के साउथ कैंपस, फार्मेसी विभाग, भैंसवाल कलां के सहायक प्रोफेसर डॉ. गुलशन कुमार एवं डॉ. मीनू रानी को सामाजिक जागरूकता, नशामुक्ति एवं तनावमुक्ति के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय योगदान के लिए एक बार फिर सम्मानित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झज्जर के सहयोग से आयोजित विधिक सेवा एवं मीडिया का दायित्व विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में दोनों शिक्षकों को उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यशाला में विशाल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झज्जर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज सिंह नांदल, फार्मर प्रेसीडेंट, जाट एजुकेशन संस्थान, रोहतक ने की। मुख्य वक्ता नीरज सहरावत एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रमेश देहराज थे। डॉ. गुलशन कुमार एवं डॉ. मीनू रानी शिक्षण कार्य के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। दोनों राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी हैं तथा विद्यालय भ्रमण समिति के समन्वयक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। फार्मेसी विभाग की चेयरपर्सन प्रो. नीलम जैन के मार्गदर्शन में विभाग शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को भी प्रोत्साहित करता है।

■ सामाजिक एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

गंभीर बीमारियों से बचाता है योग : आजाद सिंह

■ विश्व मस्तिष्क आघात दिवस पर शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विश्व मस्तिष्क आघात दिवस पर गुरुवार को आदर्श नगर गोहाना के समीप शहीद मदनलाल ढींगरा स्टेडियम में योग साधकों ने योग क्रियाओं का अभ्यास किया और इसके नियमित अभ्यास के फायदे जाने। मुख्य अतिथि योग शिक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा स्ट्रोक अचानक नहीं आता इसके पीछे हाई बीपी, शुगर, मोटापा और अनियमित जीवन शैली होती है। मस्तिष्क आघात के बचाव में योग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए योग को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। मस्तिष्क आघात का मुख्य कारण आज भागदौड़ भरी जिंदगी तनाव, हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह और गलत खानपान है।

आजाद सिंह दांगी के अनुसार योग और प्राणायाम से ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है, रक्त संचार बेहतर होता है और तनाव दूर होता है उन्होंने कहा कि रोजाना मात्र 30 मिनट योग करने से हम न केवल स्ट्रोक बल्कि दिल की बीमारी शुगर और मोटापे जैसी गंभीर बीमारियों से भी बच सकते हैं।



गोहाना। योग का अभ्यास करवाते हुए आजाद सिंह दांगी। फोटो : हरिभूमि

ये मौजूद रहे

इस मौके पर मामन वत्स, सोहन पाल, पवन धीमान, बलवान शास्त्री ,पंकज सैनी, जय भगवान, सर्वेश कुमार, रमेश काद्यान्न, मैना देवी व निर्मला देवी मौजूद थे।

क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत आईटीआई राजलुगढ़ी में चलाया स्वच्छता अभियान

■ प्राचार्य प्रवीण जांगड़ा ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। संस्थान के प्राचार्य प्रवीण जांगड़ा कार्यशालाओं की साफ-सफाई करवाते हुए।

क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजलुगढ़ी, सोनीपत में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान संस्थान परिसर, कक्षाओं, कार्यशालाओं तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। विद्यार्थियों एवं संस्थान के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी को अपने आसपास साफ-सफाई रखने, कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के प्राचार्य प्रवीण जांगड़ा ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन और स्वच्छ समाज का आधार है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने तथा स्वच्छ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया गया।

समाजसेवा मानवता के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य : इंदुराज



गोहाना। विधायक इंदुराज नरवाल को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए संचालक राजेश लठवाल। फोटो : हरिभूमि

■ नए बस स्टैंड पर संचालित दैनिक लंगर, रोटी बैंक एवं कपड़ा बैंक पर पहुंचे विधायक इंदुराज नरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा विधानसभा के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि असली सेवा वही है, जिसमें किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान आए, किसी भूखे को भोजन मिले और किसी जरूरतमंद को सम्मान के साथ सहायता प्राप्त हो। समाजसेवा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य भी है। विधायक इंदुराज नरवाल गुरुवार को सज्जन सेवा संघ और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड गोहाना द्वारा गोहाना में नए बस स्टैंड पर संचालित दैनिक लंगर, रोटी बैंक एवं कपड़ा बैंक पर पहुंचे थे। शहीद भगत सिंह ब्रिगेड गोहाना तहसील इकाई एवं सज्जन सेवा संघ के संस्थापक मास्टर राजेश लठवाल के मार्गदर्शन में जरूरतंद लोगों के लिए बस स्टैंड पर यह सेवा वर्ष 2019 से लगातार जारी है। कार्यक्रम में विधायक ने लंगर सेवा, रोटी बैंक एवं कपड़ा बैंक के लिए 1 लाख 11 हजार रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर अनिल पौडिय़ा, अशोक पांचाल, नरेंद्र शर्मा, नीर लाठर, सतपाल धानक, श्रीभगवान, मांगे राम, मुकेश, मनोज और एडवोकेट विकास नरवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

शुगर मिल के गेट पर गन्ना किसानों का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

सोनीपत। कामी रोड स्थित सोनीपत शुगर मिल के गेट पर शुगर मिल के नवीनीकरण, पेराई सत्र जल्द शुरू करने सहित लंबित मांगों को लेकर गन्ना किसानों का अनिश्चितकालीन धरना छठे दिन समाप्त हो गया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले धरनारत गन्ना किसानों ने बताया कि सरकार व प्रशासन की ओर से किसानों की सभी मांगें मान ली गई है। हालांकि बुधवार को धरनारत किसानों ने वीरवार को मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री की शवयात्रा निकालकर पुतले दहन करने के निर्णय को रद्द कर दिया गया। यूनियन के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने बताया कि किसानों ने सोनीपत शुगर मिल एमडी डॉ. अनमोल के पिता का देहांत होने के कारण धरनास्थल पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मिल प्रशासन की टीम किसानों के बीच पहुंची और उपायुक्त की ओर से किसानों के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलाया गया। उपायुक्त कार्यालय में मिल प्रशासन और उपायुक्त के साथ बैठक में गन्ना किसानों की मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश की सभी शुगर मिलों के साथ ही सोनीपत मिल को प्रारंभ किया जाएगा। किसान उस दिन अपना गन्ना लेकर मिल में पहुंच सकेंगे। मिल में रोजाना क्षमता अनुसार गन्ना पिराई का कार्य किया जाएगा। अगर ऐसा नहीं हो पाया, तो उस स्थिति में गन्ने को दूसरे मिल में ले जाने के लिए ट्रांसपोर्ट का खर्च मिल की तरफ से उठाया जाएगा। किसान नेता वीरेंद्र पहल ने बताया कि सोनीपत मिल में हर साल करीब 22 से 25 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई हो पाती है, लेकिन सोनीपत में 50 लाख क्विंटल गन्ना है। ऐसे में 25 लाख क्विंटल गन्ना, सत्र के अंतिम चरण में दूसरी मिल में ले जाने के लिए कहा जाता था। अबकि बार पहले दिन से ही इस फालतू गन्ने को दूसरी मिलों में भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

■ मांगे जल्द पूरी करने का मिला आश्वासन



काष्ठकार मिलन समारोह में जयवीर को प्रथम पुरस्कार



खरखौदा। जनहित परिषद अध्यक्ष का स्वागत करते मेजबान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रोहतक रोड स्थित एक होटल में दो प्लाईवुड कंपनियों की ओर से मिलन समारोह का आयोजन राजीव जांगड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनहित परिषद अध्यक्ष मास्टर भरत शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने काष्ठकारों को समाज की धुरी बताते हुए कहा कि उनके द्वारा समाज में किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय है। समय पर कार्य करने एवं अच्छी गुणवत्ता वाली प्लाई एवं फेविकोल का प्रयोग करके उत्कृष्ट सामान बनाने पर बधाई दी। इस अवसर पर एक कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में शाहरुख खान और दूसरी कंपनी से हरीश यादव ने विश्वकर्मा प्लाइवुड संचालक राजीव जांगड़ा के माध्यम से इन कंपनियों के सामान का अधिक प्रयोग करने वाले दस लोगों का लकी ड्रॉ निकाला गया। जिसमें जयवीर को प्रथम पुरस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटी दी गई। अन्य सभी को सरप्राइज गिफ्ट प्रदान किये गये।

न्यूज डायरी

संवेदनशीलता व गंभीरता से सुनें शिकायतें : एसडीएम

खरखौदा। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से उपमंडल कार्यालय खरखौदा में एसडीएम अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे व्यक्तियों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि वे नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता और गंभीरता से सुनें तथा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर तहसीलदार बिजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अचिन काल्टा, एमिनेंट पर्सन नवीन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश

गन्नौर। उपमंडलीय परिसर गन्नौर में बृहस्पतिवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम प्रवेश कादियान ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में गांव खेड़ी गुज्जर निवासी कृष्ण कुमार, विकास, विक्रम सिंह सहित अन्य लोगों ने महात्मा गांधी ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत आवंटित प्लॉटों पर कब्जा दिलवाने की मांग रखी।गांव गढ़ी केसरी निवासी रमेशचंद्र, सतपाल, माया और मुकेश कुमार सहित अन्य लोगों ने पंचायती रास्ते पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटवाने की शिकायत दी। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक अशोक कुमार, नगरपालिका सचिव प्रदीप कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीई भूपेंद्र सिंह, सिंचाई विभाग के एसडीओ राहुल डागर, पंचायत विभाग के एसईपीओ अमित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में अतिरिक्त निदेशक ने सुनीं शिकायतें

सोनीपत। लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता खानपुर पीजीआई के अतिरिक्त निदेशक सुरेंद्र दून के द्वारा कर गई। उन्होंने नागरिकों की विभिन्न शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविर में मुख्य रूप से मजदूरी के पैसे दिलवाने, पिछले पांच महीने से पेंशन नहीं मिलने तथा प्रॉपर्टी आईडी में किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज होने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अतिरिक्त निदेशक सुरेंद्र दून ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करें और शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। समाधान शिविर के दौरान डीडीपीओ मनीष मलिक, डीआरओ सुशील शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मेले में छात्राओं ने सजाए व्यंजनों के स्टॉल, मेहंदी कला व नुक्कड़ नाटक से दिया आत्मनिर्भर भारत का संदेश

हरियाणवी नृत्य में कैडेट नाजुक रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में 28 अक्टूबर को दीपावली महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल के मार्गदर्शन और उपप्राचार्या डॉ. अनीता गोयल के सहयोग से आयोजित मेले में छात्राओं ने व्यंजनों के स्टॉल, मेहंदी कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रतिभा दिखाई। डॉ. अमृता कुमारी और सह-संयोजक डॉ. शीतल अंतिल के नेतृत्व में आयोजित व्यंजन मेले में छात्राओं ने उद्यमशीलता और बिक्री प्रबंधन के गुर सीखे। डॉ. तृप्ता गोयल के संयोजन में मेहंदी कार्यक्रम हुआ। हथेली तक मेहंदी लगाने का शुल्क 100 रुपये और कोहनी तक 150 रुपये रखा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट नाजुक ने हरियाणवी नृत्य में प्रथम स्थान हासिल किया। जिया, पायल और प्रथम की प्रस्तुतियों के साथ गायिका ज्योति जिया ने भी समां बांधा। एनसीसी कैडेट्स ने जिला टीबी अधिकारी के सहयोग से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर टीबी की जांच और नियमित उपचार का संदेश दिया। आयोजन में डॉ. ज्योति, डॉ. प्रीति जैन, डॉ. दीपिका गुप्ता, डॉ. ममता, डॉ. रितु, कैप्टन नीतू नसीयर, बबीता कुहार, डॉ. श्वेता बंसल, अर्चना, डॉ. निधि, निधि, डॉ. सविता, ऋतिका, कोमल, सपना, नेहा त्यागी और शिल्पा रानी का सहयोग रहा।



स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन का दिवाली मेला आज से



सोनीपत। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की ओर से 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक सेक्टर-12 कम्युनिटी सेंटर, सोनीपत में वार्षिक दिवाली मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से रात 8:30 बजे तक चलेगा। इसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा। फाउंडेशन के आठ वर्षों के सफर में यह सातवां दिवाली मेला है। इसका उद्देश्य खरीदारी और मनोरंजन के साथ समुदाय को जोड़ना तथा पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों और उनके परिवारों की मदद के लिए सहयोग जुटाना है। मेले में हस्तनिर्मित उत्पाद, दिवाली सजावट, खानपान के स्टॉल, खेल, मेहंदी, नाखून सज्जा, हेयर ब्रेडिंग और मनपसंद डिजाइन के फ्रिज मैग्नेट उपलब्ध होंगे। तंबोला, कराओके, डांडिया नाइट, ओपन माइक, संगीत सत्र, लकी ड्रॉ और पुराने अंदाज का फोटो बूथ भी आकर्षण रहेंगे। आयोजन की तैयारियों में 100 से अधिक लोग जुटे हैं। करीब दो महीने की मेहनत से तैयार इस मेले से प्राप्त राशि बच्चों और समुदायों की शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण संबंधी जरूरतों पर खर्च की जाएगी।



सोनीपत। छोटूराम चौक पर कथा कर परिवार की महिलाओं के साथ पूजन करती मोनिका दहिया।



सोनीपत। सेक्टर-23 में कथा सुनकर सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं।



सोनीपत। जवाहर नगर में करवाचौथ व्रत की कथा सुनती महिलाएं।

करवाचौथ पर्व : पति की लंबी आयु के लिए जिलेभर में श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास से मनाया पर्व

चांद को अर्घ्य देकर सुहागिनों ने किया पति का दीदार

1 सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने भगवान गणेश, शिवजी, माता पार्वती और कार्तिकेय की पूजा-अर्चना की

2 सूरज ढलते ही महिलाओं और बच्चों ने छतों पर पहुंचकर चांद निकलने का इंतजार किया

3 बूंदाबांदी से बाजारों की रौनक फीकी रही, जबकि पतियों ने उपहार देकर पत्नियों को बाहर खाना खिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सुहागन महिलाओं ने वीरवार को निर्जला रहकर करवाचौथ का व्रत रख पति की लंबी आयु की कामना की। करवाचौथ पर्व को लेकर महिलाएं सुबह से ही उत्साहित नजर आईं और दुल्हन की तरह सजी रहीं। हालांकि दिनभर हुई बूंदाबांदी ने बाजारों की रौनक पर असर डाला। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर दोपहर बाद सामूहिक कथा का आयोजन भी किया गया। महिलाओं ने पहले करवाचौथ की कहानी सुनी और शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना की। रात करीब 8:30 बजे आसमान पर चांद नजर आते ही सुहागिनों ने व्रत का पारण किया। जिलेभर में करवाचौथ का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने सुबह भगवान गणेश, शिवजी, माता पार्वती व कार्तिक पूजन के साथ व्रत की शुरुआत की गई। देर शाम को चांद का दीदार कर विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। शाम को सुहाग का जोड़ा पहनकर और सोलह श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। किसी ने परिवार की महिलाओं, तो कहीं आस-पड़ौस की महिलाओं ने एकत्रित होकर करवाचौथ की कहानी सुनी। फिर चंद्रमा को अर्घ्य दिया और छलनी की ओट से चांद का दर्शन करने के बाद पति का दीदार कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पति के हाथों से पानी पीकर निर्जला व्रत खोला।





सूर्य देव को जल अर्पित कर मांगी मन्नत

शहर व ग्रामीण अंचल में दोपहर बाद महिलाओं ने एकत्रित होकर सामूहिक कथा की। करवाचौथ की पवित्र कथा का श्रवण करने के बाद सूर्य देव को जल अर्पित कर भगवान से पति की दीर्घायु मांगी। शहर के मॉडल टाउन, सेक्टर-23, गोहाना रोड, गुड़ मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों के अलावा गोहाना, गन्नौर व खरखौदा, मुरथल, राई स्थित मंदिरों में भी सामूहिक कथा का आयोजन किया गया।

सास-ससुर और बुजुर्गों को दी सरगी

करवाचौथ पर विभिन्न परंपराओं के साथ सुहागिनों ने अपनी सास-ससुर व बुजुर्गों को व्रत रखकर सरगी दी। विवाहित महिलाओं ने सुबह सूरज निकलने से पहले उठकर सोलह श्रृंगार कर सरगी थाल में मठरी, फैनी, नारियल, मिठाई सहित मेवा रखकर तारों की छांव में अपनी सास-ससुर को सरगी दी।

बुजुर्गों से आशीर्वाद भी लिया

सुहागिनों को अर्घ्य देने के लिए रात को चांद का निकलने का थोड़ा इंतजार करना पड़ा। सुहागिनें शाम होते ही चांद निकलने का इंतजार करने लगीं। चांद निकला या नहीं, यह देखने के लिए सुहागिन महिलाएं व बच्चे बार-बार छतों पर आते-जाते नजर आए। चांद दिखने के बाद सुहागिनें पूजा की थाली लेकर छतों पर पहुंची, विधिविधान से पूजन कर पति की लंबी आयु की कामना की। पति का आशीर्वाद लेकर व्रत खोला। बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने की परंपरा भी निभाई गई।

पतियों ने उपहार देकर बाहर खुलवाया व्रत

दिनभर बादल छाए रहने व बूंदाबांदी के कारण इस बार करवाचौथ के दिन बाजारों की रौनक थोड़ी फीकी नजर आई। करवाचौथ पर मौसम विपरीत होने के कारण बाजार में कम ही लोग नजर आए। हालांकि अधिकतर लोगों ने एक दिन पहले ही मिठाई और श्रृंगार से जुड़ी खरीदारी को पूरा कर लिया था। करवाचौथ के दिन कई पतियों ने अपनी पत्नियों के लिए उपहार खरीदे। होटल व रेस्तरां में पहले से बुकिंग कराई गई। घर पर पूजन के बाद पत्नियों को उपहार देकर बाहर खाना खिलाकर उनका व्रत खुलवाया। शहरभर में देर रात तक उल्लास व पारिवारिक मेलजोल का माहौल रहा।



करवा चौथ पर बारिश में ससुराल के बाहर धरने पर बैठी महिला

रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा ने मौके पर पहुंचकर सुनी पीड़िता की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जमालपुरा में करवा चौथ के दिन तेज बारिश के बीच एक महिला अपने ससुराल के बाहर धरने पर बैठी रही। महिला ने ससुराल पक्ष पर पैसों के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने, घर से निकालने और घरेलू सामान, गहने व जरूरी दस्तावेज अपने पास रखने के आरोप लगाए हैं। मामले की जानकारी मिलने पर रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा अपनी टीम और महिला सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और महिला की शिकायत सुनी। महिला ने बताया कि उसकी शादी 20 अप्रैल 2026 को हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही उस पर अपने खाते से पैसे खर्च करने का दबाव बनाया जाने लगा। उसने यह भी आरोप लगाया कि अलग किराये के मकान में रखने का भरोसा देकर उसका फ्रिज, अलमारी, वाशिंग मशीन, अन्य घरेलू सामान, सोने के गहने, कपड़े और जरूरी दस्तावेज ले लिए गए। बाद में उसे अकेला छोड़ दिया गया। महिला ने मारपीट और अपमानित करने के आरोप भी लगाए हैं। महिला ने पुलिस से शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज करने, सामान व गहने वापस दिलाने और वैवाहिक घर में सम्मानपूर्वक रहने का अधिकार दिलाने की मांग की है। मनजीत तिहाड़ा ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित मौके पर नरेश राठौर, प्रवीन चावला, भूपेंद्र दहिया, अभिषेक बहालगढ़, दीपक, राकेश सौदा, मोनू जाहरी और बाबा राजेश नाथ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अभी शिकायत नहीं मिली

पति पत्नी दिल्ली में रहते हैं और अभी तक हमारे पास शिकायत नहीं भेजी गई है। अगर शिकायत आती है तो केस दर्ज किया जाएगा।

-परविंद्र, प्रभारी, सिविल लाइन थाना।

गन्ने का भाव बढ़ाने पर सीएम का जताया आभार

गोहाना। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, निर्वाचन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आगामी दो वर्षों के लिए गन्ने के भाव में बढ़ोतरी की घोषणा किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस घोषणा से प्रदेश के हजारों गन्ना उत्पादक किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही गन्ने की खेती का दायरा बढ़ाने और सहकारी चीनी मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध करवाने में भी मदद मिलेगी। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2026-27 के गन्ना पेराई सत्र के लिए गन्ने का भाव 415 रुपये से बढ़ाकर 430 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 15 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अगले पेराई सत्र 2027-28 में गन्ने का भाव बढ़ाकर 450 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है। इस प्रकार दो वर्षों में गन्ने के भाव में कुल 35 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार गन्ने के भाव में इस बढ़ोतरी से किसानों की प्रति एकड़ आय में प्रति सीजन 10 हजार से 11 हजार 500 रुपये तक का इजाफा होने का अनुमान है। किसानों को उनकी फसल का लाभकारी मूल्य मिलने से गन्ने की खेती के प्रति रुझान बढ़ेगा। इससे प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों को पर्याप्त गन्ना उपलब्ध होने के साथ उनकी कार्यक्षमता और आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।



डॉ. अरविंद शर्मा।

गांव बेगा में बिछेगी 6 किमी लंबी पाइपलाइन



गन्नौर। बेगा गांव में ग्रामीणों को घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 1 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से 6 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने इस कार्य का शिलान्यास किया। पाइप लाइन बिछने से गांव में पेयजल आपूर्ति का नेटवर्क मजबूत करने और घरों तक पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा 36 लाख 55 हजार रुपए की लागत से तैयार डीप ट्यूबवेल का उद्घाटन भी किया गया। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने बेगा ग्राम पंचायत में लगभग 2 करोड़ 84 लाख 25 हजार रुपए के छह विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। विधायक कादियान ने गांव में 23 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इससे ग्रामीणों को सामाजिक कार्यक्रमों और सामूहिक आयोजनों के लिए सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सत्यवान, प्रवीन, संदीप, रामगोपाल, विजयपाल, इंद्रपाल, श्यामलाल, टिंकू, यामीन, तस्लीम, सरफराज, इरशाद, प्रदीप, रिंकू आदि मौजूद रहे।

घुसपैठियों को लेकर जब भी चर्चा होती है, विरोध में उतर आती है कांग्रेस : ढांड़ा

■ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई प्रैस वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



एसआईआर देश में समय-समय पर होती रही है, लेकिन कभी विपक्ष ने सवाल खड़े नहीं किए, लेकिन जब से कांग्रेस विपक्ष में आई है, घुसपैठियों की जहां भी चर्चा होती है, वहीं विरोध में उतर आती है। इस बार भी चुनाव आयोग घुसपैठियों और फर्जी मतदातों को हटाने के लिए एसआईआर कर रहा है, परन्तु कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को इसके विरोध में उतरकर देश के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। यह आरोप वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित प्रैस वार्ता के दौरान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने लगाए। भाजपा के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित हुई इस प्रैसवार्ता के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस देश का भविष्य देश के नागरिक ही तय करेंगे। कोई घुसपैठियां यह तय नहीं करेगा कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा और कौन प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि विपक्ष एसआईआर को लेकर भ्रमण फैलाने का काम कर रहा है। जबकि वोटर लिस्ट से उन लोगों के नाम ही काटे जा रहे हैं, जिनके या तो दो जगहों पर वोट बने हुए थे, या फिर उनकी मृत्यु हो चुकी है। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेशाअध्यक्ष एवं हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला महामंत्री तरुण देवीदास, मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, आजाद नेहरा, अतुल जैन, भारत मल्होत्रा, त्रिभुवन कौशिक, अजय, रेनू शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिक्षा रत्न समारोह में स्कूल संचालकों व शिक्षकों को नवाजा



राई। हरियाणा यूनाइटेड स्कूल एसोसिएशन (हुसा) की राई इकाई की ओर से बहालगढ़ स्थित रेनू विद्या मंदिर स्कूल के सभागार में शिक्षा रत्न समारोह एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्कूल संचालकों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, हुसा के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मान, खंड शिक्षा अधिकारी उषा देवी और हुसा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र गाहल्याण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। हुसा राई के प्रधान दिनेश चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने संगठन की भूमिका और निजी विद्यालयों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर हुसा राई की कार्यकारिणी के उपप्रधान जयकरण झांझनिया, महासचिव नरेंद्र धीमान, सचिव सतीश चौहान, कोषाध्यक्ष रमेश कौशिक, नरेश अंतिल खेवड़ा, वरिष्ठ सलाहकार , जोगेंद्र आंतिल, सतनारायण अंतिल, संयुक्त सचिव शील कुमार, कानूनी सलाहकार नवीन गुप्ता, बृजमोहन और कृष्ण सरोहा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

सम्मान | राज्यस्तरीय शिक्षक रंगोत्सव में एकल लोक नृत्य स्पर्धा में भाग लेकर बढ़ाया जिले का मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से 2022 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार हासिल कर चुकी

18 साल से बच्चों का भविष्य संवार रहीं अंजू दहिया, अब लोकनृत्य में भी बनीं नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यार्थियों को शिक्षा के पथ पर अग्रसर कर उन्हें अच्छे औधों तक पहुंचाने वाली सोनीपत के सेक्टर-23 निवासी 42 वर्षीय रसायन विज्ञान की शिक्षिका अंजू दहिया मंच के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की छठा बिखेरने में भी पीछे नहीं हैं। उनकी यही काबिलियत उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला चुकी है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से करनाल में 28 अक्तूबर को आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षक रंगोत्सव प्रतियोगिता में सोनीपत के गांव भठगांव स्थित राजकीय कन्या विद्यालय की रसायन विज्ञान की शिक्षिका अंजू दहिया ने अपने अभिनय व कलात्मकता का अनूठा संगम प्रस्तुत कर एकल लोक नृत्य स्पर्धा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। गुरुओं के मॉटिवेशन से शिक्षिका अंजू दहिया 18 वर्ष से बच्चों को सफलता की राह दिखा रही हैं।



सोनीपत। राज्यस्तरीय एकल लोक नृत्य स्पर्धा में प्रथम स्थान पाने पर सम्मान प्राप्त करती सोनीपत की अंजू दहिया।

इन्होंने रसायन शास्त्र विषय को खेल, कविता जैसी गतिविधियों से बच्चों के लिए आसान बनाया है। बचपन से पढ़ाई के साथ अभिनव का शौक रखने वाली अंजू दहिया छात्राओं को भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बना रही हैं। वर्ष 2025 में मुंबई स्थित होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र में लगाए गए रसायन विज्ञान ओलंपियाड प्रदर्शन शिविर में आधुनिक प्रशिक्षण विधियां प्राप्त कर जिले के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं। वर्ष 2024 में 20 और 2025 में 17 विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें अच्छे पदों तक पहुंचाकर उनका भविष्य उज्ज्वल बना चुकी हैं।

विदेश में भी फहरा चुकी भारतीय शिक्षा का परचम

सोनीपत की अंजू दहिया को भिवानी में स्कूली पढ़ाई के दौरान अभिनव प्रयोग (इनोवेटिव आइडिया) के माध्यम से आगे बढ़ने का मौका मिला। जिसे वह विद्यार्थियों के साथ साझा कर रही हैं। शिक्षिका के रूप में नियुक्ति पाने के बाद हमेशा विद्यार्थियों की समस्या को समझा। इन्हीं उपलब्धियों व शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर अंजू दहिया को सितंबर 2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया था। चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में पिछले साल हुए आईआईएसएफ-2025, गुरुकुल शिक्षक एवं शिक्षक कार्यशाला के लिए भी उनका प्रतिभागी के रूप में चयन किया गया था। वह भारतीय शिक्षा व्यवस्था का विदेश में भी परचम फहरा चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में उज्बेकिस्तान में 15 दिन तक रहकर वहां के लोगों को भारतीय शिक्षा व्यवस्था के बारे में प्रेरित व शोध पत्र प्रस्तुत किया था।

प्रदेशभर के विद्यार्थियों का दूर किया था संदेह

बतौर शिक्षिका अंजू दहिया ने लॉकडाउन में ऑनलाइन कक्षा लगाई। विद्यार्थियों के लिए विषय संबंधी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाले। सुविधा के लिए क्यूआर कोड भी बनाया, इससे प्रदेशभर के विद्यार्थी अपने संदेह को दूर सकते थे। इनका लक्ष्य ग्रामीण आंचल की बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाकर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना रहा। वर्ष 2024 में अंजू दहिया के नेतृत्व में 8 बच्चों ने विज्ञान ड्रामा स्पर्धा में जिलास्तर पर प्रथम स्थान पाया, लेकिन वह प्रदेश स्तर पर विद्यार्थी कोई पुरस्कार प्राप्त नहीं कर पाए।